**ಕೀಲಿ ಉತ್ತರ**

**ತರಗತಿ : 9** **ವಿಷಯ : हिन्दी (तृतीय भाषा हिंदी)** **9/14**

**I.** 1. D) महिला है । 2. C) बालिका है । 3. B) कहानी है । **(8×1=8)**
4. A) निराशा । 5. C) हिमालय है । 6. B) पूर्णविराम है ।
7. A) सहयोग देना है । 8. D) दशरथ की रानी कौशल्या थी ।

**II.** 9. सुभद्राकुमारी चौहान । 10. नाववाले ने कहा । **(4×1=4)**
11. खाना पकाना । 12. चलना ।

**III.** 13. बाबू भाई नारियल को खरीदने बाज़ार गये । **1**
14. शहरों के नाम पूर्वाक्षरों में सिमट रहे हैं । **1**
15. प्रत्येक पग पर रोड़ा अटकता रहा है । **1**
16. रहीम दया को तिरस्कार न करने के लिए कहते हैं । **1**

**IV.** 17. बादशाह का हुक्म था कि 'जुलूस न निकलें'। इससे शहर में आतंक छा गया था । **2**
18. बाबू भाई की सबसे पहले मुलाकात बाज़ार में नारियलवाले से हुई । बाद में नाववाले की मुलाकात बंदरगाह में और नारियल-बाग में माली से हुई । **2**
19. सौर-ऊर्जा का उपयोग विद्युत, खाना पकाने, लालटेन और पथ-दीप के रूप में करते हैं । **2**
20. चेन्नम्मा की शिक्षा-दीक्षा राजकुल के अनुरूप हुई । घुड़सवारी, शस्त्राभ्यास, आखेट, आदि युद्धकला के साथ उर्दू, मराठी और संस्कृत की भाषाएँ सीखी । **2**
21. चौराहों पर यातायात के तीन संकेत प्रदर्शित रहते हैं । उनमें लाल रंग रुकने की, पीला रंग तैयार होने की और हरा रंग चलने की सूचना देती हैं । **2**
22. मानव अपनी पूर्णता की खोज़ में इधर-उधर भटकता ही रहा । परंतु इसमें उसे अनेक कष्ट सहना पड़ा । इससे निराशा नहीं, क्योंकि यही तो जीवन है । **2**
23. कल्पना बचपन में बहुत कुशाग्र-बुद्धि, दृढ़ निश्चयी, प्रतिभाशालिनी तथा मौनी थी । वह अत्यंत सौम्य-स्वभाव की महिला थी । **2**

**या**

कल्पना ने मॉडल टाउन करनाल के टैगोर विद्यालय से आरंभिक शिक्षा प्राप्त की । पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में बी. ई. और अमरीका के टेक्सास विश्वविद्यालय से मास्टर डिग्री प्राप्त की ।

24. लड़का ठोकर खाकर गिरने की आवाज़ सुनते ही बाकी सब प्रतिभागी लड़के के पास पहुँचे । उसे खड़ा करके आँसू पोंछकर धीरज बाँधा । फिर सब बच्चों ने एक दूसरे के हाथ पकड़कर दौड़ लगाई । **2**

**या**

कवि भगवान से दया के दो कण को इस धरती पर बरसाने की विनति कर रहा है ।

**V.** 25. स्वामी विवेकानंद ने भारतीय संस्कृति और सभ्यता का सदुपदेश दिया । अंधविश्वास तथा रूढ़ियों को हटाने, दीन दुखी जनों की सेवा और सहायता करने का उपदेश दिया । **3**
26. मौसी दोपहर होते ही स्कूल के फाटक पर पहुँच जाती थी । छुट्टी की घंटी बजते ही बच्चों के बस्ते उठाकर उन्हें मोहल्ले तक पहुँचाती थी । बच्चों को कहानी सुनाती, खेलती भी थी । मोहल्ले के सबके सुख-दु:ख के समय में साथ देती थी । **3**

27. चेरापूँजी में साल भर वर्षा होती रहती है । यह समुद्र की सतह से कोई तेरह सौ मीटर पर स्थित है । यह विश्व में सबसे अधिक वर्षावाले स्थान के लिए प्रसिद्ध है । **3**

28. बकासुर एकचक्र नगर की रक्षा करता था । इसके बदले में वह एक गाड़ी अन्न, दो भैंस और एक मनुष्य लेता था । अब बारी ब्राह्मण परिवार की आ गई । इसलिए ब्राह्मण परिवार दुखित था । **3**

29. सड़क को साफ-सुथरा रखना है । मनमाने सड़क को नहीं काटना है ।

    सरकारी विभागों के साथ सहयोग देना है । सड़क को तोड़ने, काटने और गंदा करनेवालों को एहसास दिलाना है कि सड़क को इससे कितना कष्ट होता है । **3**

30. परिसर की रक्षा के लिए हमें पेड़-पौधों को लगाने के साथ-साथ उसका पालन-पोषण करना है । रोज़ एक वृक्ष लगाने की शपथ खानी है । ध्वनि, मिट्टी और जलवायु को प्रदूषण से मुक्त करना है । **3**

31. कवि मेहनत के परिणाम के बारे में कहते हैं कि –''मेहनत करनेवाले जब मिलकर कदम बढ़ाते हैं तब सागर भी रास्ता छोड़ देता है । पर्वत अपना सिर झुकाता है । चट्टानों पर रास्ता बनता है ।'' **3**

32. दोहे का नाम : रहीम के दोहे ।

    कवि का नाम : रहीमदास ।

    कवि कहता है कि ''बड़े लोग न ज्यादा बोलते हैं, न ही अपनी प्रशंसा करते हैं। हीरा कब कहता है कि उसका मूल्य लाख मुद्राएँ हैं ?'' **3**

33. ಜೀವನದಲ್ಲಿ ಆಟ ಬಹಳ ಮಹತ್ವಪೂರ್ಣವಾದುದು. ಆಟ ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ ಜೀವನದ ಪ್ರಮುಖ ಅಂಗವಾಗಿದೆ. ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿಗಳಿಗೆ ವಿದ್ಯಾಭ್ಯಾಸದ ಜೊತೆಗೆ ಆಟಗಳನ್ನು ಆಡುವುದೂ ಅವಶ್ಯಕವಾಗಿದೆ. **3**

**VI.** 34. खेलों से लाभ : **4**

* आनंद-उल्लास मिलता है ।
* तन-मन स्वस्थ होता है ।
* मनोरंजन मिलता है ।
* जीवन का अनुभव प्राप्त कर लेते हैं ।
* हमारे अंगों की कसरत हो जाती है और हृष्ट-पुष्ट बनते हैं ।

**या**

राज्य और राष्ट्र स्तर पर खिलाड़ियों को निम्न सुविधाएँ मिलती हैं :-

* अर्जुन, एकलव्य, द्रोणाचार्य, ध्यानचंद और राजीव खेलरत्न आदि पुरस्कार दिया जाता है ।
* बैंक और कंपनियों में आरक्षण की सुविधा है ।
* राज्य तथा केंद्र सरकार की नौकरी में आरक्षण की व्यवस्था है ।
* रेल, हवाई जहाज़, आदि में सफर करने में विशेष आरक्षण की सुविधा है ।

35. ऊँचा हिया हिमालय तेरा, **4**
    उसमें कितना स्नेह भरा ।
    दिल में अपने आग दबाकर,
    रखता हमको हरा-भरा ।

36. अ) समाचार पत्र से मनुष्य को सारे विश्व की जानकारी प्राप्त होती है । 4

आ) रेडियो, टेलीफोन, दूरदर्शन, कंप्यूटर, आदि ।

इ) बंगाल गज़ट ।

ई) हिंदी–उदंत मार्तंड

कन्नड–मंगलूरु समाचार

37. 1) पुस्तकों का महत्व :

लाभ : पुस्तकों का महत्व तथा मूल्य रत्नों से भी अधिक है । पुस्तकें हृदय को उज्वल करती हैं । अच्छी पुस्तकें मनुष्य को पशु से देवता बनाती हैं । श्रेष्ठ पुस्तकें मनुष्य, समाज तथा राष्ट्र का मार्गदर्शन करती हैं । 1

प्रभाव : संसार के महान विभूतियों पर अच्छी पुस्तकों का प्रभाव था । महात्मा गांधी भगवद्गीता, टालस्टाय तथा अमेरिका के संत थोरों के साहित्य से अत्यधिक प्रभावित थे । लेनिन में क्रांति की भावना मार्क्स के साहित्य को पढ़कर जगी थी । 2

पुस्तकें किसी देश की अमर निधि होती हैं । किसी जाति के उत्कर्ष अथवा अपकर्ष का पता उसके साहित्य से चलता है ।

पुस्तकें अस्त्र हैं : विचारों के युद्ध में पुस्तकें ही अस्त्र हैं । पुस्तकों में लिखे विचार संपूर्ण समाज की काया पलट देते हैं ।

उपसंहार : एक विद्वान की उक्ति है – ''सच्चे मित्रों के चुनाव के पश्चात् सर्वप्रथम एवं प्रधान आवश्यकता है – उत्कृष्ट पुस्तकों का चुनाव ।'' 1

अत: पुस्तक प्रेमी सबसे अधिक सुखी होता है ।

2) इंटरनेट

विषय प्रवेश :

इंटरनेट एक वैज्ञानिक आविष्कार है । आधुनिक जीवन का इसका महत्वपूर्ण योगदान है । 1

विषय–विस्तार :

अनगिनत कंप्यूटरों के साथ संबंध स्थापित करने वाले को अंतर्जाल या इंटरनेट कहते हैं ।

इसका उपयोग क्षेत्र व्यापक है । जैसे शिक्षा, चिकित्सा, अंतरिक्ष, वर्चुअल मीटिंग रूम – आदि । 2

उपसंहार :

इंटरनेट से लाभ और हानी दोनों होते हैं । इसका उपयोग करते समय जागरूक रहना है । 1

3) पर्यावरण :

विषय प्रवेश :

वायु, ध्वनि, पानी, आदि को स्वच्छ रखना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य है । 1

विषय–विस्तार :

हमारे चारों ओर के प्राकृतिक परिवेश ही पर्यावरण है । इसके अंतर्गत वायु, ध्वनि, पानी, आदि आते हैं । इनको शुद्ध रखना हर नागरिक का कर्तव्य हैं । इनके मालिन्य के तहत मानव अनेक बीमारियों का आहार बनता है । 2

उपसंहार :

मानव समाज को अपने चारों ओर के वातावरण को शुद्ध रखने की ओर ध्यान देना है । 1

**VII.** 38. प्रेषक : दि : **1**

_______________
_______________
_______________

सेवा में

_______________
_______________
_______________

आदरणीय महोदय !

विषय : **1**

_______________________
_______________________
_______________________

पत्र का कलेवर **2**

_______________________
_______________________
_______________________

सधन्यवाद

स्थान : आपका प्रिय **1**

अ.ब.क.

**अथवा**

स्थल :

दिनांक : **1**

पूज्य पिताजी, सादर प्रणाम ।

मैं _______________________

_______________________
_______________________

पत्र का कलेवर **2½**

_______________________
_______________________
_______________________

घर में सबको मेरा प्रणाम कहना ।

अभिवादन ।

हस्ताक्षर

पता :

_______________
_______________
_______________
_______________

**1½**

प्रेषक :

_______________
_______________
_______________